Hindi

तथ्य

3- वर्षीय प्रीस्कूल

Flying Start for kids

आयु-उपयुक्त खेल-आधारित शिक्षा

आयु-उपयुक्त, खेल-आधारित शिक्षा का एक अतिरिक्त वर्ष, जो स्कूल जाने से पहले के महत्वपूर्ण वर्षों में बच्चे के विकास में बढ़ौतरी कर सकता है।

15 घंटे* प्रति सप्ताह 600 घंटे प्रति वर्ष

2026 से भाग लेने वाले 3-वर्षीय प्रीस्कूल सेवा प्रदाताओं में प्रति सप्ताह अधिकतम 15 घंटे उपलब्ध होंगे, इसके साथ 2032 तक, सभी बच्चों को यूनीवर्सल 3-वर्षीय कार्यक्रम के 15 घंटे उपलब्ध कराए जाएंगे। फ़ीस प्रदाताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से निर्धारित की जाएगी।**

एक योग्यता प्राप्त प्रारंभिक चाइल्डकेयर शिक्षक के साथ

बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं और प्रमुख शिक्षण परिणामों में सहायता करने के लिए, यह प्रारंभिक बचपन शिक्षा के योग्यता-प्राप्त अध्यापक (early childhood teacher) के नेतृत्व में डिज़ाइन की गई, और प्रारंभिक बचपन शिक्षा के शिक्षकों (early childhood educators) के साथ मिल-जुल के तैयार की गई है।

इसे 2026 से चरणों में लागू किया जाएगा

वर्ष 2026 से इसकी शुरुआत उन दीर्घ दिवसीय देखभाल (long day care) सेवाओं में की जाएगी, जो सरकार के साथ साझेदारी करके 3-वर्षीय प्रीस्कूल, तथा ग्रामीण या दूरदराज़ के क्षेत्रों में सरकारी या सत्रवार सेवाएं प्रदान करेंगी।

*शुरुआती समय के दौरान, क्षमता के आधार पर सेवाएं प्रति सप्ताह 6 से 15 घंटे तक उपलब्ध करा सकती हैं तथा जिन बच्चों को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, उनके लिए 30 घंटे तक की सेवाएं उपलब्ध होंगी।

** यदि आप प्रीस्कूल को किसी साझेदारी वाले 'दीर्घ दिवसीय देखभाल (long day care) प्रीस्कूल प्रोग्राम' के माध्यम से प्राप्त करते हैं, तो आप कॉमनवेल्थ चाइल्डकेयर सब्सिडी (CCS) का दावा कर सकते हैं। चाइल्डकेयर सब्सिडी के लिए पात्रता राष्ट्रमंडल नीति द्वारा निर्धारित की जाती है।

Government of South Australia

एक शानदार शुरुआत
सभी बच्चों के लिए

गुणवत्तापूर्ण प्रीस्कूल 3 वर्ष के बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वागतमय वातावरण प्रदान करता है, जहां बच्चे खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से अन्वेषण कर सकते हैं, सीख सकते हैं और उनका विकास होता है। यह बच्चों को उनकी सामाजिक, भावनात्मक, भाषाई और मोटर कुशलताओं (हिलने जुलने की क्रियाओं की क्षमता) को विकसित करने में मदद करता है, साथ ही रचनात्मकता और जिज्ञासा को भी प्रोत्साहित करता है।

3 साल के प्रीस्कूल से क्या अपेक्षा करनी है

नए शिक्षक-नेतृत्व वाले 3-वर्षीय प्रीस्कूल कार्यक्रम को बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं और प्रमुख शिक्षण लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

इसमें शामिल हो सकते हैं:

- मज़ेदार, उद्देश्यपूर्ण गतिविधियाँ जो सामाजिक कौशल, खोज-विचार और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करती हैं
- बच्चों के नेतृत्व वाले समझने के अवसर जो बच्चों को आत्मविश्वासी वक्ता और सम्मिलित शिक्षार्थी बनने में मदद करते हैं
- आत्म-पहचान और भावनात्मक उत्थान-शक्ति विकसित करने के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण
- स्वास्थ्य, कुशलता और खोज-विचार को बढ़ावा देने के लिए बाहर खुले में खेले जाने वाले खेल
- ऐबोरीजिनल और अन्य संस्कृतियों का जश्न मनाना।

Government of South Australia

Flying Start for kids